वर्षः 13 - अंक : 254, मुंबई, गुरुवार, 30 नवंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

इनकम टैक्स की रडार पर

HINDUJA GROUP

मुंबई समेत कई शहरों में दफ्तरों की तलाशी

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के संदेह में देश के मशहूर हिंदुजा ग्रुप से जुड़े परिसरों की तलाशी ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आयकर विभाग ने बुधवार को मुंबई और कुछ अन्य शहरों में हिंदुजा समूह के बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट फर्म हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) के कार्यालयों की तलाशी ली और कागजात की जांच की। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

अरबों की है संपत्ति!

फोर्ब्स की सूची के अनुसार, 2022 में हिंदुजा ग्रुप की कुल संपत्ति 14 अरब डॉलर (12,55,03,36,00,000 रुपये) थी। श्रीचंद हिंदुजा पूरे समूह के चेयरमैन थे। जबकि गोपीचंद हिंदुजा को-चेयरमैन हैं। तीसरे भाई प्रकाश यूरोप में हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन हैं। अशोक भारत में हिंदुजा समूह के चेयरमैन हैं। श्रीचंद हिंदुजा का मई 2023 में लंदन में निधन हो गया।

शिंदे सरकार ने खेला 'मुस्लिम कार्ड'

...फंड को 30 करोड़ से बढ़ाकर कर दिया 500 करोड़

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र कैबिनेट ने अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों की शिक्षा आदि के लिए 500 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दे दी है। पहले यह फंड मात्र 30 करोड़ रुपये था। कैबिनेट बैठक के बाद मंत्री अब्दुल सत्तार ने बताया कि अब इस फंड को बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये कर दिया गया है। अल्पसंख्यक विकास मंत्री अब्दुल सत्तार ने कहा, सीएम शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को हार्दिक धन्यवाद। अल्पसंख्यक समुदाय को पहली बार इतना बड़ा फंड देने का फैसला आज कैबिनेट में लिया गया। इस बीच, जमात-ए-उलेमा हिंद संगठन के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा, पैसा कुछ दिनों में जारी हो जाएगा और फिर इसका उपयोग अल्पसंख्यक समुदाय को शैक्षिक और औद्योगिक क्षेत्र में ऊपर ले जाने के लिए किया जाएगा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

भारत गौरव ट्रेन के 40 यात्रियों को फूड प्वाइजनिंग

आधी रात को पुणे स्टेशन पर खलबली!

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे स्टेशन पर आधी रात को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब चेन्नई से आ रही भारत गौरव स्पेशल ट्रेन में सफर कर रहे 50 से ज्यादा यात्रियों की अचानक तबीयत खराब होने की खबर मिली। बताया जा रहा है कि चेन्नई से भारत गौरव ट्रेन में सफर कर रहे करीब 40 यात्रियों को फूड प्वाइजनिंग हो गई। इससे यात्रियों को पेट दर्द, उल्टी, दस्त जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

अमेरिका ने किया अलर्ट तो भारत ने लिया बड़ा एक्शन

आतंकियों के साथ मिलकर गैंगस्टर रच रहे बड़ी साजिश!

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत ने अमेरिकी धरती पर एक सिख चरमपंथी को मारने की साजिश से संबंधित आरोपों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। एक मीडिया रिपोर्ट ने अज्ञात सूत्रों का हवाला देते हुए पिछले हफ्ते आई खबर में कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को विफल कर दिया और इस साजिश में शामिल होने की चिंताओं को लेकर भारत सरकार को एक चेतावनी जारी की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं पर गौर करने के लिए 18 नवंबर को एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है।

आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ पर मिले इनपुट के बाद भारत ने उठाया अहम कदम

भारत सरकार ने जांच के लिए हाई-लेवल टीम का किया गठन

खास बातें

- पन्नू एक सिख चरमपंथी है जिसके पास अमेरिका और कनाडा की नागरिकता
- भारत समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक

बागची का दावाः भारत ऐसी सूचनाओं पर गंभीर

बागची ने कहा कि हमने यह भी संकेत दिया था कि भारत ऐसी सूचनाओं को गंभीरता से लेता है क्योंकि वे हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर भी प्रभाव डालती हैं और संबंधित विभाग पहले से ही इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि 18 नवंबर को भारत सरकार ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है।

देशों के लिए चिंता का कारण

बागची ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों,आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ सूचना साझा की है।

ट्रूडो ने भारत पर लगाए थे निज्जर की हत्या के आरोप

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जून में वैंकूवर उपनगर में खालिस्तानीअलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की "संभावित" संलिप्तता के आरोप लगाए थे। ट्रूडो के आरोपों को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आ गया।

शादी के लिए राजी नहीं हुई लड़की तो प्रेमी ने ब्लेड से काटा गला, हालत गंभीर

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। मुंबई से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। परेल इलाके में कथित तौर पर शादी के लिए नहीं मानने पर प्रेमी ने 25 वर्षीय युवती का गला चीर दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला और आरोपी एक-दूसरे को जानते थे और जब महिला ने विवाह का प्रस्ताव ठुकरा दिया तो आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित महिला की हालत गंभीर है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

सबसे बड़ी आबादी बिना गिनती के!

भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ का जनसंख्या डैशबोर्ड बता रहा है कि भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो गई है, जो चीन से करीब 57 लाख ज्यादा है। लेकिन भारत के पास इसका आधिकारिक आंकड़ा नहीं है क्योंकि 2011 के बाद 2021 में जो जनगणना होनी थी वह नहीं हुई है। सो, आखिरी जनगणना के 12 साल बाद आबादी का आंकड़ा अनुमानों पर आधारित है। सब जानते हैं कि पिछले 12 साल में दुनिया तेजी से बदली और आबादी नियंत्रित करने के जो उपाय हुए थे उनका व्यापक असर दिखा है। लेकिन गिनती होती तो पता चलता कि किस समुदाय और किस भौगोलिक इलाके में किस तरह से जनसंख्या संरचना में बदलाव आया है। पहले कोरोना वायरस की महामारी की वजह से जनगणना टली थी और फिर लोकसभा चुनाव की वजह से इसके टले रहने की संभावना है। मार्च 2020 में जब भारत में कोरोना का विस्फोट हुआ उस समय जनगणना की तैयारी चल रही थी। डिजिटल तरीके से गिनती के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया था लेकिन कोरोना की वजह से उसे स्थगित करना पड़ा। कोरोना महामारी खत्म होने में दो साल से ज्यादा समय लग गया। मार्च 2022 में रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने जनगणना के नियमों में कुछ बदलाव किया। कहा गया कि अब नागरिक जनगणना और नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर में खुद ही अपनी गिनती करा सकते हैं। इसके बाद ऐसा लग रहा था कि मकानों की सूची बनाने का काम 2022 में हो जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पूरा 2022 बीतने के बाद रजिस्ट्रार जनरल ने दिसंबर में सभी राज्यों को चिट्ठी लिखी, जिसमें 30 जून 2023 तक भौगोलिक सीमाओं में बदलाव का काम पूरा करके उसे फ्रीज करने को कहा गया। ध्यान रहे जब राज्य अपने यहां भौगोलिक सीमाओं में बदलाव को फ्रीज करते हैं उसके दो-तीन महीने बाद ही गिनती का काम शुरू हो सकता है। इसका मतलब है कि 30 जून की सीमा खत्म होने के दो-तीन महीने बाद यानी सितंबर के अंत या अक्टूबर के पहले हफ्ते से जनगणना शुरू हो सकती थी। परंतु अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह संभव नहीं है। सबसे दिलचस्प यह है कि रजिस्ट्रार जनरल की ओर से राज्यों को प्रशासनिक सीमा में बदलाव को फ्रीज करने की समय सीमा दिसंबर 2017 से दी जा रही है। उस समय 31 दिसंबर 2019 तक प्रशासनिक सीमा में बदलाव को फ्रीज करने को कहा गया था। उसके बाद से कई बार यह सीमा बढ़ाई जा चुकी है। हालांकि जनगणना में देरी का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि विपक्षी पार्टियां जातियों की गिनती की बात कर रही हैं और जातीय जनगणना से भाजपा को राजनीतिक नुकसान दिख रहा है। विपक्ष का आरोप है कि जातियों की गिनती रोके रखने के लिए जनगणना रोक दी गई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि लोकसभा चुनाव के बाद भी गिनती होती है या सीधे 2031 के लिए तैयारी होती है।

भारत का ऐसे बड़ा होना अशुभ!

आकार की दृष्टि से भारत एक अपेक्षाकृत छोटा देश हैं जिसके पास कुल 32.9 लाख वर्ग किलोमीटर भूमि उपलब्ध है। क्षेत्रफल की दृष्टि से चीन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है और भारत सातवां। 'इंडिया टुडे' की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में औसतन हर एक वर्ग किलोमीटर में 434.6 लोग बसते हैं। यह चीन के जनसंख्या घनत्व (151.3 प्रति वर्ग किलोमीटर) से तीन गुना अधिक है। जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जाएगी यह घनत्व भी बढ़ता जाएगा। जमीन कम पड़ने लगेगी। यह अपने आप में एक बड़ी मुसीबत होगी। सन 2064 में भारत की आबादी 170 करोड़ हो जाएगी और तब शायद हमें एक-दूसरे के ऊपर रहना पड़े या यह भी हो सकता है कि कथित विश्व गुरू होने के नाते हमें कोई एक ग्रह मिल जाए!

ढोल बजाइए, बधाईयां गाईए। हम सबसे बड़े बन गए हैं। आगे अब और बड़े बनते जाएंगे। हमने चीन और दुनिया के सारे अगड़े देशों को पीछे छोड़ दिया है। हम दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गए हैं। यदि इसके धन्यवाद में यदि भाषण करना होता तो हम शायद सभी धर्मों, जातियों और पंथों के लोगों और राजनैतिक नीतियों का शुक्रिया अदा करता जिनके चलते अब हम सर्वाधिक आबादी के हैं! आपने जरूर सुना होगा, सोशल मीडिया पर इससे संबंधित मीम्स का मजा भी लिया होगा कि भारत की 'युवा और ऊजार्वान आबादी' जून के अंत तक चीन से अधिक हो जाएगी। चीन बूढ़ा होता जा रहा है। पहली बार पिछले वर्ष उसकी जनसंख्या में गिरावट आई। यह गिरावट जनसंख्या घटने के आगे के लंबे दौर की शुरूआत है, जिसके चीन की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर निहितार्थ हैं। इसका अर्थ यह भी है कि भारत को खिलने और फलने-फूलने के भरपूर अवसर हैं। क्या बात है! हाल में हमने चीन से एपल का धंधा छीना और अब उसका सबसे बड़ी आबादी वाले देश का खिताब भी।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की स्टेट ऑफ वर्ल्ड पाप्युलेशन 2023 रपट के अनुसार जून के अंत तक भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ हो जाएगी, जिसके मुकाबले चीन की आबादी 142.57 करोड़ होगी। अपनी 34 करोड़ आबादी के साथ अमरीका तीसरे स्थान पर है परंतु वह इन दो भीमकाय एशियाई देशों से बहुत पीछे। जून के अंत तक भारत और चीन की कुल आबादी 284 करोड़ हो जाएगी। इसका मतलब है दुनिया का हर तीसरा व्यक्ति या तो चीनी होगा या भारतीय। तभी तो मेरी मित्र सिंथिया हिंदी सीखना चाहती थी। सन 2011 में ही उसने भविष्यवाणी की थी कि एक दिन भारतीय दुनिया के हर कोने में होंगे। हालांकि भारत में कई लोग इन

आंकड़ों को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उनका तर्क है कि अभी किसी नतीजे पर पहुंचना ठीक नहीं होगा क्योंकि भारत ने खुद अपने लोगों की गिनती नहीं की है। पिछली जनगणना सन 2011 में हुई थी और उसके बाद सन 2021 में होनी थी। लेकिन महामारी के कारण यह न हो सका। ज्ञानी कहते हैं कि अगली जनगणना अब सन 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ही करवाई जाएगी। इसके पीछे क्या राजनैतिक कारण हैं यह मेरी समझ से परे है। हालांकि तब भी स्थिति वही रहेगी। हम दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश बन गए हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। यूएनएफपीए की भारत में प्रतिनिधि एनड्रिया वेगनर का कथन कुछ जमता नहीं है। उन्होंने कहा है कि बढ़ती जनसंख्या उन्नति, विकास और आकांक्षाओं की प्रतीक है, बशर्ते कि लोगों के अधिकारों और पसंद-नापसंद का सम्मान किया जा रहा हो। सुश्री वेगनर गलत कह रही हैं। असलियत में आबादी का बढ़ना अच्छा नहीं है। तथ्यों और तार्किक आधार पर हम सोचे तो यह अनिष्ट का संकेत है।

बढ़ती हुई जनसंख्या भारत के लिए अशुभ है। इसका नागरिकों के अधिकारों और व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के सम्मान से कोई ताल्लुक नहीं है। हमारे देश में लड़का होने तक बच्चों का पैदा होना जारी रहता है। इस प्रक्रिया में लड़कियों को जन्म के पहले और जन्म के बाद मार डालने और उन्हें लावारिस छोड़ देने की घटनाएं होती रहती हैं। एक समुदाय इसलिए बच्चे पैदा करता रहता है क्योंकि वह अपने धर्म के लोगों की संख्या बढ़ाना चाहता है। हो सकता है कि मोदी जी की विभिन्न पहलों, जिनमें से एक 'बेटी बचाओ, बेटी पढाओ' है, के कारण इस स्थिति में कुछ सुधार हुआ हो परंतु जनसंख्या बढ़ने का प्रभाव कुल मिलाकर यह है कि देश में अकुशल कार्मिकों की संख्या बढ़ती जा रही है। कुछ दिन पहले जारी ब्लूम्बर्ग की एक रिपोर्ट से ऐसा लगता है कि स्थिति उससे भी कहीं अधिक भयावह है जितनी हम सोच रहे हैं। रपट का शीर्षक था 'मूल्यहीन डिग्रियां भारत में अनियोज्य पीढ़ी तैयार कर रही हैं'। रपट का सार यह था कि स्कूलों और कालेजों से लेकर आईआईएम और आईआईटी की बढ़ती संख्या के बावजूद भारतीय स्नातक लड़कों और लड़कियों में न तो कौशल है और ना ही वे चतुर और तीक्ष्ण बुद्धि याकि काबिलहैं। रोजगार लायक नहीं है। इसलिए बढ़ती हुई जनसंख्या चिंताजनक और अशुभ है। भले ही हमारी युवा आबादी बहुत बड़ी हो परंतु सवाल है कि क्या हम उसकी क्षमताओं का लाभ उठाने में सक्षम हैं। जनसंख्या बढ़ेगी तो अर्थव्यवस्था भी बड़ी होगी। यद्यपि भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है किंतु यहाँ समृद्धि कहीं नजर नहीं आती। मुठ्ठीभर लोग और रईस होते जा रहे हैं और अधिकांश और गरीब। यूएनडीपी की एक रपट के अनुसार भारत में सबसे ज्यादा गरीब बच्चे हैं (9.70 करोड़ या देश के 0-17 वर्ष आयुवर्ग के कुल बच्चों का 21.8 प्रतिशत)। सन 2020 के जनसंख्या संबंधी आंकड़ों के अनुसार दुनिया के सबसे ज्यादा गरीब (22.89 करोड़) भारत में हैं। पहले नोटबंदी, फिर डिजीटल लेनदेन पर जोर, उसके बाद महामारी, एक भीषण रूप लेता युद्ध, मौसम के बिगड़ते मिजाज और अनाज व पानी की कमी ने आम आदमी की जिंदगी मुहाल कर दी है। फिर हमारे पास जमीन की भी कमी है।

आकार की दृष्टि से भारत एक अपेक्षाकृत छोटा देश हैं जिसके पास कुल 32.9 लाख वर्ग किलोमीटर भूमि उपलब्ध है। क्षेत्रफल की दृष्टि से चीन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है और भारत सातवां। 'इंडिया टुडे' की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में औसतन हर एक वर्ग किलोमीटर में 434.6 लोग बसते हैं। यह चीन के जनसंख्या घनत्व (151.3 प्रति वर्ग किलोमीटर) से तीन गुना अधिक है। जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जाएगी यह घनत्व भी बढ़ता जाएगा। जमीन कम पड़ने लगेगी। यह अपने आप में एक बड़ी मुसीबत होगी। सन 2064 में भारत की आबादी 170 करोड़ हो जाएगी और तब शायद हमें एक-दूसरे के ऊपर रहना पड़े या यह भी हो सकता है कि कथित विश्व गुरू होने के नाते हमें कोई एक ग्रह मिल जाए! जो भी हो, भारत इस समय चर्चा में है। इस मौके का उपयोग हमें आत्मचिंतन के लिए करना चाहिए। हमें वह योजना बनानी होगी जिससे पहले तो बढ़ती आबादी पर लगाम लगे। दूसरे भारत अपने युवाओं को काबिल बनाए। ताकि योग्यता और संभावनाओं का पूरा इस्तेमाल कर सकें. तभी भारत शाईन करेगा, आगे बढ़ेगा और समृद्ध होगा। तभी बन सकेंगे सचमुच बड़े!

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

कलवा पुलिस द्वारा किया गया 51 लाख रुपए कीमत की गुटका से भरा ट्रक जब्त

दो आरोपी गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान

कलवा। सरकार द्वारा पूरी तरह से गुटके पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी गुटका शहर की पान की दुकान पर खुलेआम बेचा जा रहा है जिस पर प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस ने कमरकस ली है आपको बताते चले शिल डायगर पुलिस स्टेशन द्वारा बीते कुछ दिन पहले ही लाखों रुपए कीमत का गुटके से भरा ट्रक को जप्त किया गया था और अब कलवा पुलिस द्वारा लाखों रुपए कीमत का गुटका जप्त करने का मामला सामने आया है इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार कलवा पुलिस को खबरी द्वारा गुप्त सूचना मिली के गुटके से भरा ट्रक गत 28 नवंबर मंगलवार रात 1:30 बजे के आसपास नासिक मुंबई हाईवे खरेगांव टोल नाका के पास से गुजरने

वाला है कलवा पुलिस ने जाल बिछाकर आयशर ट्रक नंबर RJ14 CH 1311 का घेराव कर ट्रक को अपने ताबे में ले लिया गया ट्रक की तलाशी के दौरान ट्रक में से रॉयल 1000 गुटका, दिलबाग प्लस पान, ए + चुइंग तंबाकू पुलिस ने बरामद किया, बरामद किए गए माल मुद्दा कीमत आयशर ट्रक समेत 51 लाख रुपए बताई जा रही है कलवा पुलिस द्वारा इस मामले में खाद्य एवं औषधि अधिकारी राजू घोंड़ीराम आकरुपे वर्ष 45 की शिकायत पर ट्रक चालक अवदेश कुमार शुक्ररुलाल पाल वर्ष 33 रहवासी गौसपुर पोस्ट सेवा तहसील मजनंपुर जिला कौंसबी उत्तर प्रदेश, ट्रक क्लीनर अवदेश गिरिजाशंकर यादव वर्ष 34 रहवासी सूर्यभानपुर पोस्ट सूरज भानपुर, तहसील ग्यानपुर जिला भदोही संत रविदासनगर उत्तर प्रदेश यह दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और ट्रक के मालिक वसीम हकीम खान वर्ष 40 रहवासी 421 साउ धर्मशाला वार्ड नंबर 4 फिरोजपुर जयपुर और इस मामले में एक व्यक्ति और फरार बताया जा रहा है इसका नाम सामने नहीं आया है कलवा पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध में गुः रजिं:नं: 636/2023 भारतीय दंड संहिता कलम की धारा 188, 272, 273, 328 , और खाद्य एवं औषधि की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों के विरुद्ध में मामला दर्ज किया गया है अभी आगे इस मामले की पूरी छानबीन कलवा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कन्हैयालाल थोरात के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक प्रकाश दिनकर द्वारा की जा रही है।

महिला आंदोलन के लिए मशहूर शनि शिंगणापुर मंदिर में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी पूजा अर्चना

मुंबई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज (30 नवंबर) महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शनि शिंगणापुर मंदिर जाएंगी और पूजा-अर्चना करेंगी। जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर सवा बारह बजे से डेढ़ बजे तक मदिर परिसर में मौजूद रहेंगी. राष्ट्रपति मंदिर के पवित्र चबूतरे पर जाकर शनिदेव भगवान का अभिषेक करेंगी। शनि शिंगणापुर में पहली बार देश के राष्ट्रपति दर्शन के लिए आ रहे हैं। उनके दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन ने कड़े इंतजाम और तैयारियां की हैं। राष्ट्रपति ने कुछ महीने पहले जिले के शिरडी साईं बाबा मंदिर का दौरा किया था। उस समय वह शनि शिंगणापुर नहीं जा सकी थीं। इसलिए अब वे फिर से जिले के दौरे पर आ रहीं हैं। बताया जा रहा है कि शनि शिंगणापुर के दौरे के अलावा राष्ट्रपति का कोई और कार्यक्रम नहीं है।

➢ उर्स बरकत अली शाह बाबा वडाला (पूर्व) मुंबई निमंत्रण हमे भी दिया एवीपी न्यूज अमजद मुल्ला द्वारा और बरकत अली शाह बाबा दरगढ़ के दर्शन के लिए गए हम और हमारी टीम सौ.शीतल.स.वालीकर भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष मुंबई झोपड़ीपट्टी मोर्चा / आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष, और मुलाकात हुई प्रबंध समिति पीर मकदूम शाह बाबा माहिम दरगाह और हाजी अली दरगाह जनाब सुहैल खंडवानी जी, फिल्म अभिनेत्री जारा खान जी , वडाला वाहतुक वरिष्ठ पोलीस निरिक्षक मौजूद थे।

मंदिर जा रहे दलित और मुस्लिम युवकों को होमगार्ड ने पीटा

मुंबई। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में मंदिर जा रहे एक दलित युवक की कथित तौर पर होम गार्ड की पिटाई से मौत हो गयी। यह मामला अब राजनीतिक रंग लेता जा रहा है। यह घटना नागपुर के रामटेक इलाके की है। इस बीच, दलित युवक की चौंकाने वाली मौत से महाराष्ट्र का सियासी पारा चढ़ गया है। महाराष्ट्र के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने मामले की एसआईटी जांच की मांग की है। रामटेक पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के अनुसार, मृतक युवक विवेक खोबरागड़े के पिता का दावा है कि स्थानीय मंदिर के जुलूस में शामिल होने की कोशिश करने पर उनके बेटे और उसके मुस्लिम दोस्त फैजान को होम गार्ड मनीष भारती ने बेरहमी से पीटा था। पुलिस ने भारती को गिरफ्तार किया है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने शिंदे सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में राज्य सरकार विफल हो गयी है। उन्होंने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की। उन्होंने जोर देकर कहा, राज्य सरकार अल्पसंख्यकों और दलितों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। अगर कुछ समुदायों के भीतर डर का माहौल है, तो ऐसे में हिंदुत्व पर केवल बयानबाजी करना व्यर्थ है। कांग्रेस नेता ने कहा, दोनों पीड़ितों के परिवार पर जो अत्याचार हुआ और उन्हें जो आघात पहुंचा उनके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। मृतक युवक के पिता ने कहा, "मेरे बेटे की गाड़ी का होम गार्ड की गाड़ी से छोटा सा एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद होम गार्ड ने नुकसान के बदले 10 हजार रुपये मांगे। लेकिन दोनों लड़कों ने पैसे देने से इनकार कर दिया। फिर होम गार्ड ने उनसे सवाल किया कि तुम दोनों दलित और मुस्लिम हो तो मंदिर की ओर क्यों जा रहे हो।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

इनकम टैक्स की रडार पर हिंदुजा ग्रुप

मिली जानकारी के अनुसार, इनकम टैक्स विभाग ने यह तलाशी अभियान कर चोरी की जांच के सिलसिले में चलाया है। मुंबई और कुछ अन्य शहरों में कंपनी के कार्यालयों की तलाशी ली गई है। तलाशी अभियान के संबंध में अभी आयकर विभाग द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गयी है। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई अभी जारी रहेगी। हिंदुजा समूह के पास इंडसइंड बैंक, हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस, हिंदुजा बैंक (स्विजरलैंड), अशोक लीलैंड, अशोक लीलैंड फाउंड्रीज (हिंदुजा फाउंड्रीज), स्विच मोबिलिटी, पीडी हिंदुजा नेशनल हॉस्पिटल और मेडिकल रिसर्च सेंटर, हिंदुजा टेक लिमिटेड और हिंदुजा रियल्टी वेंचर्स जैसी दिग्गज कंपनियों का स्वामित्व है। समूह अपने व्यवसाय में विविधता ला रहा है और नई प्रौद्योगिकी, डिजिटल और फिनटेक क्षेत्रों में नई ऊंचाईयां हासिल कर रहा है। हालांकि, समूह की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की कार्रवाई जनरल एंटी अवॉयडेंस रूल्स के प्रावधानों के तहत की गयी है। हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) स्ट्रेटेजिक कंसल्टिंग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आईटी सिस्टम इंटीग्रेशन सेवा प्रदान करती है। हिंदुजा ग्रुप का कारोबार 38 से ज्यादा देशों में फैला हुआ है। कंपनी ट्रक-बस, बैंकिंग, पावर, केबल-टीवी और मनोरंजन व्यवसायों में शामिल है। अशोक लीलैंड, गल्फ ऑयल, हिंदुजा बैंक स्विट्जरलैंड, इंडसइंड बैंक, हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस, हिंदुजा टीएमटी, हिंदुजा वेंचर्स, इंडसइंड मीडिया एंड कम्युनिकेशंस जैसी बड़ी कंपनियां इस समूह का हिस्सा हैं।

शिंदे सरकार ने खेला 'मुस्लिम कार्ड'

अल्पसंख्यक विभाग की स्थापना के बाद से पहली बार इतना बड़ा फंड दिया गया है... यह काम महायुती सरकार ने कर दिखाया है। जमात-ए-उलेमा हिंद संगठन के दिल्ली अध्यक्ष मौलाना सैयद महमूद मदनी, प्रदेश अध्यक्ष नदीम सिद्दीकी ने अजित पवार को धन्यवाद दिया है। अल्पसंख्यक समुदाय की विभिन्न मांगों को लेकर 31 अगस्त को अजित दादा के देवगिरी बंगले पर एक बैठक आयोजित की गई थी। उस बैठक में दिल्ली में जमात-ए-उलेमा हिंद संगठन के अध्यक्ष मौलाना सैयद महमूद मदनी के साथ हुई पूर्व वार्ता के अनुसार विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। जिसमें फंड बढ़ाने का मुद्दा भी था। मौलाना आजाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास निगम महाराष्ट्र में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम, नई दिल्ली (एनएमडीएफसी) की राज्य चैनलाइज्ड शाखा के रूप में कार्यरत है। एनएमडीएफसी के माध्यम से कर्ज के रूप में प्राप्त धनराशि से सावधि ऋण योजना, सूक्ष्म ऋण योजना, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम शिक्षा ऋण योजना राज्य में चलायी जा रही है।

भारत गौरव ट्रेन के 40 यात्रियों को फूड प्वाइजनिंग

मंगलवार देर रात जब ट्रेन पुणे जंक्शन स्टेशन पहुंची तो सभी पीड़ित यात्रियों का इलाज किया गया। पुणे स्टेशन के रेल अधिकारियों को घटना की जानकारी मंगलवार रात करीब 10.45 बजे मिली। ट्रेन रात 11.25 बजे पुणे स्टेशन पहुंची और तुरंत यात्रियों का इलाज शुरू किया गया। भारत गौरव ट्रेन निजी तौर पर गुजरात के पालीताना में तीर्थयात्रा के लिए बुक कराई गई थी। पुणे रेल मंडल के मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक और पीआरओ रामदास भिसे ने कहा, स्पेशल ट्रेन में लगभग 1,000 यात्री सवार थे। हमें बताया गया कि कई यात्रियों को चक्कर, पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत है। जिसके बाद रेलवे अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम, रूबी हॉल के डॉक्टरों और अन्य रेलवे अधिकारियों के साथ पुणे स्टेशन पर भेजी गई। भिसे ने कहा, यात्रियों को ट्रेन से प्लेटफॉर्म पर उतारा गया और उपचार दिया गया।

शादी के लिए राजी नहीं हुई लड़की तो प्रेमी ने ब्लेड से काटा गला, हालत गंभीर

शुरूआती जांच में पता चला कि मंगलवार को दोपहर में कालाचौकी इलाके में रहने वाली महिला के घर पर 44 वर्षीय आरोपी गया और उस पर जानलेवा हमला किया। पीड़िता का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है और वह बेहोश है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी पेशे से चालक है। वह कालाचौकी इलाके के परशुराम नगर में रहता है। जबकि पीड़ित महिला अपने दो भाइयों के साथ इसी इलाके में रहती है। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी के एक साल से महिला के साथ प्रेम-संबंध थे। वह महिला से शादी करना चाहता था, लेकिन महिला तैयार नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार की रात दोनों के बीच इसी को लेकर बहस हुई और महिला ने कुछ लोगों के सामने उसका अपमान कर दिया।

➢ भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार जी द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' मुंबई संयोजिका आरती पुगांवकर जी नेतृत्वत दिनांक 28/11/2023 को दक्षिण मुंबई जिला सचिव एवं जया फाऊंडेशन सामाजिक संस्था वरली मुंबई की सचिव सौ. सुमन त्रिपाठी जी को भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत दक्षिण मुंबई जिला की संयोजिका के पद पर नियुक्त किया गया एवं मा. जिला अध्यक्षा एवं जया फाऊंडेशन सामाजिक संस्था वरली मुंबई की सदस्य श्रीमती नंदा वर्मा जी को भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत मुंबई कार्यकारिणी की सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया।

भुसावल में खटीक समाज द्वारा 38 जोड़ों की शादी संपन्न

मुंबई हलचल/सुरेश कोहली

जलगांव। शहर में मुस्लिम खटीक समाज द्वारा 38 जोड़ों की सामूहिक शादी सम्पन्न हुई। जानकारी के अनुसार भुसावल के मशहूर ड्रीम लॉन में यहां एक बड़ा ही शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे 38 जोड़ों की शादियां हुई सम्पन्न हुई। बताया जा रहा है कि बेमौसम बरसात की वजह से कार्यक्रम में लोगों को थोड़ी तकलीफ का सामना भी करना पड़ा परंतु अंतिम समय तक लोग डटे रहे। इस मौके पर खटिक बिरादरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलिम हजरत मुफ़्ती हारून नदवी ने सबसे पहले रब का शुक्रिया अदा किया जिसमें कार्यक्रम को कामयाब किया। मुफ़्ती साहब ने ड्रीम लॉन के मालिक चिराग सेठ का भी जोरदार तालियों से स्वागत किया गया। साथ ही समाज द्वारा सेठ को इस मौके पर खूब दुआएं भी दी है। इस अवसर पर समाज के माजी राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब एल ए शेख, महाराष्ट्र के नवनियुक्त अध्यक्ष युसूफ खटिक जलगांव जिला अध्यक्ष अनवर खटिक सहित गुजरात,मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के तमाम जिम्मेदार खटिक बिरादरी के लगभग 10 हजार लोगों ने इस भव्य कार्यक्रम में शिरकत की है। बताया जा रहा है कि एल ए शेख साहब, यूसुफ खटिक,अनवर खटिक, क्षेत्रीय अध्यक्ष हाजी इब्राहिम सेठ, अब्बास खटिक मालेगांव, वाहिद कुरैशी ने भी कार्यक्रम की तारीफ की है।

अमेरिका एच-1बी वीजा की कुछ श्रेणियों के घरेलू नवीनीकरण कार्यक्रम शुरू करने

नए साल पर भारतीयों को मिलेगा अमेरिका से नौकरी का गिफ्ट! बदल रहे 'वर्क वीजा' के नियम

अमेरिका ने एच-1बी वीजा को लेकर एक अहम फैसला लिया है। जिसके मुताबिक अमेरिका एच-1बी वीजा की कुछ श्रेणियों के घरेलू नवीनीकरण के लिए एक पायलट कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। सरकार के इस फैसले से भारतीय पेशेवरों को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है।

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका दिसंबर में एच-1बी वीजा की कुछ श्रेणियों के घरेलू नवीनीकरण के लिए एक पायलट कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। अमेरिका के इस कदम से बड़ी संख्या में भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को फायदा मिलने की उम्मीद है। अमेरिकी सरकार का ये फैसला जून में प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान व्हाइट हाउस की ओर से योजना की घोषणा के कुछ महीने बाद आया है।

अमेरिकी वीजा अधिकारी के मुताबिक, भारत में अमेरिका के वीजा की मांग काफी ज्यादा है। लोगों को इसके लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अमेरिका आने वाले भारतीय यात्रियों को जल्द ही अपॉइंटमेंट मिल जाए। इसके लिए घरेलू वीजा नवीनीकरण कार्यक्रम को शुरू किया जा रहा है, जिसका ज्यादा फोकस भारत पर है। उन्होंने कहा कि दिसंबर से शुरू होने वाले तीन महीने के इस कार्यक्रमें में विदेश विभाग उन विदेशी नागरिकों को 20 हजार वीजा जारी करेगा जो पहले से ही देश के अंदर रह रहे हैं।

1 *कार्यक्रम के तहत सर्वाधिक फोकस भारत पर होगा*

2 *अमेरिका आने वाले भारतीय यात्रियों को जल्द ही अपॉइंटमेंट मिलेगी*

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी यात्रा पर गए थे, उस दौरान इसकी औपचारिक घोषणा की गई थी। पीएम ने रोनाल्ड रीगन सेंटर में भारतीय प्रवासियों को अपने संबोधन के दौरान इस बात के बारे घोषणा की थी।

पीएम ने प्रवासी भारतीयों के सामने की थी घोषणा

आपको बता दें कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय इस कार्यक्रम को लेकर पिछले कुछ समय से तैयारी कर रहा था। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी यात्रा पर गए थे, उस दौरान इसकी औपचारिक घोषणा की गई थी। पीएम ने रोनाल्ड रीगन सेंटर में भारतीय प्रवासियों को अपने संबोधन के दौरान इस बात के बारे घोषणा की थी। वहीं भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया ने अमेरिकी विदेश विभाग के इस कदम को बेहद महत्वपूर्ण बताया था।

भारतीय नागरिकों को मिलेगा फायदा

वीजा सेवाओं के लिए राज्य के उप सहायक सचिव जूली स्टफट ने बताया कि जैसे जैसे ये प्रोसेस आगे बढ़ेगा इसका विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय श्रमिकों का सबसे कुशल समूह है। ऐसे में उम्मीद है कि अमेरिका के इस कार्यक्रम से सबसे ज्यादा फायदा भारतीय नागरिकों को मिलेगा साथ ही इससे वीजा के नवीनीकरण के लिए लोगों को वापस भारत या कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी साफ किया कि घरेलू वीजा नवीनीकरण कार्यक्रम केवल वीजा के लिए है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह का चेन्नई के प्रेसीडेंसी कालेज में पुण्यतिथि मनाई

मुंबई हलचल/सालिम आजाद

मधुबनी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सामाजिक न्याय आंदोलन के पुरोधा एवं मंडल कमीशन लागू करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह जी का चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में पुण्यतिथि के अवसर पर आदम कद मूर्ति स्थापित किया और इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एकमात्र उत्तर भारत के सबसे बड़े राज्य यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बना कर अंग्रेजी और हिन्दी भाषी को जोड़ने का संदेश दिया है। वहीं अखिलेश यादव के सामाजिक न्याय की लड़ाई वंचितों की हक हूकूक दिलाने के रास्ते में सहयोगी बनने का भी संदेश समाजवादियों को दिया है। आदरणीय नेता वीपी सिंह जी को पुण्यतिथि के अवसर पर कोटि-कोटि प्रणाम नमन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव सोमवार को चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एम. के. स्टालिन ने किया था।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि श्री वी.पी. सिंह ने मण्डल कमीशन की रिपोर्ट लागू करके पिछड़ों को अधिकार और सम्मान दिलाने का काम किया था। जो मण्डल कमीशन बहुत दिनों से किसी की नजर में नहीं आ रहा था उसे लागू करने का काम किया था। उनका साथ तमिलनाडु के वर्तमान मुख्यमंत्री श्री एम.के. स्टालिन, इनके पिताजी श्री एम.करूणानिधि, उत्तर प्रदेश से नेताजी श्री मुलायम सिंह यादव, बिहार से श्री लालू प्रसाद यादव और श्री शरद यादव सहित तमाम नेताओं ने दिया, जो दलितों, पिछड़ों की आवाज थे।

मुंबई में स्थित, जय हिंद कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब के प्रसंग 'साइलेंट सैटरडेझ' के 15वे वर्ष के चारों हफ्ते सफलतापूर्वक समाप्त

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। मुंबई में स्थित, जय हिंद कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब के प्रसंग 'साइलेंट सैटरडेझ' के पंध्रवे वर्ष के चारों हफ्ते सफलतापूर्वक समाप्त हो चुके हैं। इस आखिरी हफ्ते में क्लब के सदस्यों ने 'सुरक्षा' का मुद्दा उठाया था। समाज के लोगों की सुरक्षा को मद्दे नजर रखते हुए क्लब के सदस्यों ने इस हफ्ते, मंगलवार और गुरूवार को, बांद्रा में स्थित गरीब नगर के बस्ती में जाकर, वहां रहने वाली औरतों के लिए सैनिटरी पैड दान किए और वहीं रहने वाले परिवारों को मच्छर मारने वाली अगरबत्तियां भी दी। क्लब के सदस्यों ने उपरोक्त वस्तुएं दान करने के साथ-साथ वहा रहने वाले बच्चों के लिए बुधवार और शुक्रवार को दो अलग-अलग सत्रों का आयोजन किया, जिसके माध्यम से उन्होंने बच्चों को सही और गलत आदतों के बारे में सिखाया और उन्हें यह भी समझाया कि हमारे आस-पास कौन हमें किस प्रकार छू सकता है, और कौन हमें कैसे गलत तरीके से छू सकता है। इस शनिवार को क्लब के सदस्यों ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल्स और गोरेगांव स्टेशन पर, इन दो स्थानों पर एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दुनिया में कॉलेज के बच्चों पर हो रही रैगिंग को दशार्या और लोगों को उसके गलत प्रभाव बताकर, उन्हें इस समस्या के प्रति जागरूक कराया। इसी के साथ, क्लब के सदस्य ने रैगिंग को 'एक गलत प्रथा' बताते हुए, इस विषय पर जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस तरह, क्लब के सदस्यों ने अपने प्रसंग के आखिरी हफ्ते को समाप्त कर 'साइलेंट सैटरडेझ २०२३' के चारों हफ्ते सफलतापूर्वक समाप्त किए।

इंडियन माइनोरिटी फाउंडेशन द्वारा सदभावना एक भारत सर्वश्रेष्ठ भारत के तहत 'जज्बा-ए-हुब्ब-उल-वतनी' का जबरदस्त हुआ प्रोग्राम

मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर

मुंबई। मुंबई के बिर्ला मातोश्री ऑडिटोरियम में तारीख 27 नवंबर 2023 को इंडियन माइनोरिटी फाउंडेशन द्वारा सदभावना एक भारत सर्वश्रेष्ठ भारत के तहत 'जज्बा-ए-हुब्ब-उल-वतनी' का जबरदस्त हुआ प्रोग्राम हुआ। जिसमें आध्यात्मिक नेता, मौलवी, शिक्षाविद, विद्वान, व्यापारियों, बॉलीवुड तथा संगीत जगत से मुस्लिम समुदाय के प्रमुख सदस्य बड़ी संख्या में एक साथ आए और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए ऐतिहासिक मुंबई संकल्प पारित किया।

मुस्लिम सामाजिक-राजनीतिक नेताओं ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की, इस बात पर जोर दिया कि कैसे उनकी सरकार की समावेशी नीतियों ने धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा दिया है और देश भर में मुस्लिम समुदाय के भीतर अद्वितीय विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। इस मौके पर मुख्य महेमानों में महाराष्ट्र राज्य माइनोरिटी मिनिस्टर सत्तार अब्दुल नबी, इंडियन माइनोरिटी फाउंडेशन के कन्वीनर और सीयू चांसलर प्रेसिडेंट सतनाम सिंह संधू, राष्ट्रीय सूफी इस्लामिक बोर्ड के अध्यक्ष मंसूर खान, अंजुमन इस्लाम के प्रेसीडेंट डॉक्टर जहीर काझी, 500 मेमन जमात और 15 लाख मेमन समुदाय के ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर, माहीम दरगाह व हाजी अली दरगाह के ट्रस्टी सोहैल खंडवानी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेर दरगाह कमेटी के जावेद पारेख, भामला फाउंडेशन के संस्थापक और पर्यावरणविद् आसिफ भामला, शिया उलमा बोर्ड महाराष्ट्र के अध्यक्ष और ऑल इंडिया शिया पर्सनल बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना जहीर

अब्बास रिजवी, प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और सामाजिक व्यक्ति डॉ. मौलाना कल्बे रुशैद रिजवी, पारसोली ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक और शिक्षाविद् जफर सरेशवाला, इंटरनेशनल सूफी कारवां के संस्थापक अध्यक्ष मुफ़्ती मंजूर ज़ियाई, टाइम्स ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सहायक संपादक मोहम्मद वजीउद्दीन, बैंगलोर सिटी प्रेसिडेंट दौलत खान, साउथ इंडिया इंचार्ज सलीम शरीफ, शामिल थे। मातोश्री ऑडिटोरियम मुंबई की अवाम से पुरा खचाखच भर गया था। इस प्रोग्राम में 80 फिसदी मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे। जिसमें मुस्लिम सुन्नी, शिया, सूफी, अहमदिया, दाऊदी बोहरा और पसमांदा मुसलमानों की कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। मातोश्री ऑडिटोरियम पुरी तरह से खचाखच भरा हुआ था। इस अवसर पर आईएमएफ ने बॉलीवुड गायक शाहिद माल्या और सितारवादक उस्ताद सिराज खान को उत्कृष्टता मोमेंटो पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर आए हुए 86 संगठनों के महेमानों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आए हुए सभी महेमानों ने अपने अपने तासुरात पेस किए। और एक संयुक्त बयान में मुस्लिम नेताओं ने कहा कि मुंबई प्रस्ताव का पारित होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति हमारे एकीकृत समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने पुष्टि की, हम देश की प्रगति के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी और सहयोग का वादा करते हुए, इस परिवर्तनकारी लक्ष्य के समर्थन में एक साथ खड़े हैं। मिडिया प्रभारी और सुफी इस्लामिक बोर्ड फाउंडर फैसल बनारसवाला, नैशनल जनरल सेक्रेटरी दर्शन आहीर, मुंबई प्रेसिडेंट जमिर खान, मुंबई सेक्रेटरी इल्यास संजरी, और उनकी पुरी टीम ने अपनी महेनत से ईस कार्यक्रम को सफल बनाने में कामयाब हुए।

जलगांव में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर को

मुंबई हलचल/सुरेश कोहली

जलगांव। महाराष्ट्र राज्य विधि सेवा प्राधिकरण,जिला विधि सेवा प्राधिकरण व जिला वकील संघ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का अयोजन 9 दिसंबर को सुबह 9 :30 बजे से शाम 5 :30 बजे तक होगा। बताया जा रहा है कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। लोक अदालत में बिजली व पानी बिल, वैवाहिक संबंधी, जमीनी विवाद मामले, दुर्घटना संबंधी, सिविल केस आदि मामलों का निपटारा किया जाएगा।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

टनल हादसे के बाद विपक्ष उठा रहा सवाल, परियोजनाओं पर काम से पहले जांच की मांग

मुंबई हलचल/संवाददाता

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग दुर्घटना ने पश्चिमी हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र की संवेदनशीलता और जटिलता को पूरी स्पष्टता के साथ सामने ला दिया है। इस क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रहीं समस्त परियोजनाओं का गहन आडिट होना चाहिए। साथ ही हिमालयी क्षेत्र में भविष्य की सभी परियोजनाओं को रोक कर उन्हें पेशेवर पारिस्थितिकीय जांच के अंतर्गत लाना होगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग ढहने से उठे कुछ बड़े सवालों पर विचार करना आवश्यक हो

गया है। हिमालयी क्षेत्र में सिविल निर्माण और अन्य परियोजनाओं की योजना, डिजाइन और कार्यान्वयन के मामले में पर्यावरण मूल्यांकन प्रक्रिया की विफलता भी सामने आई है। यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तरकाशी में ढहने वाली सुरंग चारधाम परियोजना का हिस्सा है। परियोजना में निर्माण कार्यों को इस प्रकार आवंटित किया गया है, ताकि पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन से पूरी तरह बचा जा सके। सुरंग पर व्यापक रूप से स्वीकृत सुरक्षा सुविधाएं नहीं होने की रिपोर्ट आई हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के पूर्व निदेशक सत्येंद्र सिंह के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी परियोजना में आपदा प्रबंधन के लिए कुल परियोजनाओं लागत का 10 प्रतिशत रखा जाता है। यह सुरंग परियोजना 1400 करोड़ रुपये की है। इसमें आपदा मद में 140 करोड़ रुपये होना चाहिए। यदि ऐसा है तो उस मद में खर्च क्या हुआ। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि जमीनी स्तर पर तैयारी शून्य दिखाई दी। उन्होंने कहा कि आपदा को लेकर सरकार की कोई तैयारी नहीं थी। प्री डिजास्टर मैकेनिज्म नहीं है, जबकि यह तैयार किया जा सकता है।

गुलदार से नैनीताल में दहशत, कैंची धाम में पांच बजे के बाद न आने की अपील, ऑनलाइन हुई पढ़ाई



मुंबई हलचल/संवाददाता

नैनीताल। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित काकड़ीघाट क्षेत्र में गुलदार की दहशत से मंदिरों में शाम पांच बाद श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद किए जाने के बाद अब शिक्षा विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गया है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर अब प्राथमिक व जूनियर स्तर पर ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी(बीईओ) एसएस चौहान ने संकुल समन्वयक को दिशा निर्देश भी जारी कर दिया है। वहीं गुलदार की आवाजाही बढ़ने पर विद्यालयों को कुछ दिनों के लिए बंद करने का निर्णय भी लिया जा सकता है। इसके लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी(सीईओ) को भी पत्राचार किया गया है। काकड़ीघाट क्षेत्र के सड़का गांव के जीवन सिंह को 18 नवंबर को मार डालने के बाद अब हिंसक गुलदार की आबादी क्षेत्र में घुसपैठ बढ़ने से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। दिनदहाड़े गुलदार गांव के आसपास नजर आ रहा है। इसी को देखते हुए दो दिन पूर्व नीब करौरी आश्रम एवं कर्कटेश्वर मंदिर में शाम पांच बजे बाद श्रद्धालुओं को न आने की अपील करते हुए प्रवेश बंद कर दिया गया था। ग्रामीण लगातार पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग कर रहे हैं। इधर, काकड़ीघाट क्षेत्र के प्राथमिक, जूनियर व इंटर कालेज के बच्चे भी खतरा उठाकर विद्यालय आ जा रहे हैं। इसे देखते हुए संकुल प्रभारी व क्षेत्र में स्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने खंड शिक्षा अधिकारी से पत्राचार किया। जिसके बाद डर के कारण विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। बीईओ चौहान के अनुसार संकुल समन्वयक को इस संबंध में निर्देश जारी कर शिक्षकों से ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था बनाने को कहा गया है। उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद विद्यालयों में कुछ दिनों के लिए अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया जाएगा।

मंदिर के ऊपर जंगल की ओर फिर दिखा गुलदार काकड़ीघाट क्षेत्र में रोजाना गुलदार देखे जाने से ग्रामीण डरे हुए हैं। बुधवार सुबह काकड़ीघाट-द्वारसों मोटर मार्ग पर स्थित बाबा नीब करौरी आश्रम के ठीक ऊपर जंगल की ओर गुलदार दिखा। मंदिर के मुख्य पुजारी आंनद सिंह के अनुसार सुबह श्रद्धालुओं ने मंदिर के ऊपरी इलाके में गुलदार देखे जाने की सूचना दी। श्रद्धालुओं से भी विशेष एहतियात बरतने की अपील की गई है।

उत्तराखंड के 18 नगरों में दूर होगा पेयजल संकट, 896 करोड़ की लगेगी लागत

मुंबई हलचल/संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के चार जिलों में 18 नगरों के लोगों की प्यास बुझाने के लिए जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी (जायका) ने 896 करोड़ रुपये के ऋण को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। उत्तराखंड पेयजल निगम टिहरी, हरिद्वार, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा में विभिन्न पेयजल योजनाओं का निर्माण इस धनराशि से करेगा। पेयजल संकट से जूझ रहे इन नगरों में प्राकृतिक स्त्रोत से घरों तक पेयजल पहुंचाने से लेकर नलकूप की स्थापना व पंपिंग योजनाओं का निर्माण शामिल है। नई दिल्ली में आयोजित जायका की बैठक में उत्तराखंड के संकटग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के निर्माण को हरी झंडी मिली। जल जीवन मिशन समेत एडीबी की तर्ज पर निमार्णाधीन योजनाओं के साथ ही अब पेयजल निगम जायका के ऋण से बड़ी योजनाओं पर भी कार्य शुरू करेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन और पेयजल निगम प्रबंधन ने हरिद्वार और टिहरी के छह-छह, अल्मोड़ा के चार और पिथौरागढ़ के दो नगरों में पेयजल योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर जायका को भेजा था। जिस पर केंद्र सरकार के अनुमोदन के बाद जायका से स्वीकृति मिल गई। पेयजल निगम के प्रस्ताव के अनुसार नगरों में पेयजल स्त्रोत से पानी का ट्रीटमेंट करने के बाद स्टोरेज कर घर-घर आपूर्ति की जाएगी। साथ ही ओवरहेड टैंक बनाकर नलकूप के माध्यम से पेयजल आपूर्ति और नदियों से पंपिंग योजनाओं के माध्यम से पानी की आपूर्ति भी योजना में शामिल है। पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक एससी पंत ने बताया कि योजनाओं की डीपीआर तैयार की जा रही है। योजना निर्माण के लिए वन विभाग की एनओसी और निजी भूमि का अधिग्रहण भी शीघ्र कर लिया जाएगा।

पुलिसकर्मी के बेटे ने कारोबारी पर की फायरिंग

मुंबई हलचल/संवाददाता

रुड़की। पूर्वी अंबर तालाब में दुकान में बैठे कारोबारी पर फायरिंग करने वाले नाबालिग आरोपित ने फायरिंग के बाद रात को इंस्टाग्राम पर पोस्ट डाला था। जिसमें वह दबंगई के साथ कार में बैठकर कहीं जाता दिख रहा है। वहीं घटना के बाद से फरार चल रहे नाबालिग आरोपित पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस उसके पुराने मामले में अग्रिम जमानत को खारिज कराने के लिए कोर्ट पहुंची है। रुड़की गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर निवासी चंदन अरोडा की पूर्वी अंबर तालाब में परचून की दुकान है। रविवार की शाम को वह दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान स्कूटी सवार नकाबपोश तीन लोग वहां पर आये। बीच में बैठे आरोपित ने तमंचे से फायर कर दिया था। गनीमत यह रही थी कि कारोबारी बाल- बाल बच गया। घटना के बाद बदमाश फरार हो गये थे। इस मामले में कारोबारी ने गणेशपुर निवासी एक पुलिसकर्मी के नाबालिग बेटे और उसके दो दोस्तों पर मुकदमा दर्ज कराया था। साथ ही पुलिसकर्मी पिता पर संरक्षण देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिसकर्मी की इस समय टिहरी में तैनाती है। पुलिस आरोपित की तलाश में लगी है। पुलिस को छानबीन में पता चला है कि कारोबारी पर फायरिंग करने के बाद रात को आरोपित इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय रहा था। उसने रात को ही अपना दबंई वाला एक पोस्ट भी डाला था।

हरिद्वार में बनने जा रहा है अनोखा मॉल, पर्यटकों को नजर आएगा मिनी भारत, 164 करोड़ की लगेगी लागत

मुंबई हलचल/संवाददाता

हरिद्वार। तीर्थाटन और पर्यटन के लिए देवभूमि आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु अपने घर लौटने के दौरान उत्तराखंड ही नहीं, देश के किसी भी राज्य का मशहूर हस्तशिल्प सामान और कपड़े की खरीदारी हरिद्वार में कर सकेंगे। एक छत के नीचे हर राज्य की पहचान के रूप में उन्हें प्रमुख सामान उपलब्ध हो सकेगा। दरअसल, हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण जल्द ही 164 करोड़ की लागत से हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर ज्वालापुर में एकता मॉल का निर्माण करने जा रहा है। एकता में अनेकता को समेटने वाले इस मॉल में देश के सभी राज्यों की एक-एक दुकान रहेगी। मॉल के लिए रानीपुर झाल के समीप जगह भी चिह्नित कर ली गई। डीपीआर से लेकर डिजाइन तक फाइनल हो चुका है। कैबिनेट की मुहर लगते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। पर्यटकों और श्रद्धालुओं के साथ-साथ हरिद्वार वासियों के लिए भी यह मॉल एचआरडीए की तरफ से एक नायाब तोहफा होगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने बताया कि निर्माण में 136 करोड़ रुपये केंद्र सरकार और बाकी के 28 करोड़ रुपये राज्य सरकार खर्च करेगी। एक से डेढ़ साल में इसका काम पूरा हो जाएगा। बताया कि मॉल में भारत के विभिन्न हिस्सों से पारंपरिक वस्त्र और हस्तशिल्प एक स्थान पर मिलेंगे। एकता मॉल का गठन भारत के पारंपरिक वस्त्रों और कारीगर हस्तशिल्प की जीवंतता और विविधता में निहित एक आकर्षक, आरामदायक खरीदारी अनुभव के लिए किया गया है। इससे उत्तराखंड के पारंपरिक उत्पादों को भी नई पहचान मिलेगी।

मॉल में विभिन्न राज्यों की संस्कृति तो देखने को मिलेगी ही, साथ ही मनोरंजन का भी पूरा ख्याल रखा गया है। बहुमंजिला मॉल में ओपन सिनेमा हाल भी बनाया जाएगा। जिसमें किसी भी तल से लघु नाटिका या फिल्म देखी जा सकेगी। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने बताया कि मॉल में दो ऑडिटोरियम भी बनाए जाएंगे। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। देश के हर राज्य में एक-एक एकता मॉल खोला जाना है। उत्तराखंड के लिए पहले देहरादून में जगह की तलाश हुई। जगह न मिलने पर प्रोजेक्ट के लिए उधमसिंह नगर को चुना गया, लेकिन दूसरे राज्यों से आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उधमसिंह नगर के बजाय हरिद्वार का चयन किया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

चीता जेकेडी ने मनाई ब्रूस ली की 83वीं जयंती, कमांडो हीरो प्रेम परीजा व अशोक बेनीवाल की उपस्थिति में ड्रग्स के विरुद्ध जागरूकता फैलाई

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। चीता यज्ञेश शेट्टी, राकेश अन्ना शेट्टी, डॉ. हरीश भुजंगा शेट्टी, अशोक बेनीवाल और कमांडो' वेब सीरीज के हीरो प्रेम परीजा सहित कई खास हस्तियां इस अवसर पर उपस्थित रहीं। मुम्बई के लोखंडवाला में स्थित सेलिब्रेशन स्पोर्ट्स क्लब में 27 नवम्बर 2023 को 15वें नेशनल चिता जेकेडी चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें शगुन वाघ ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। जहां श्री विट्ठल शेट्टी फाउंडेशन ट्रॉफी टॉप 3 विजेताओं को प्रदान की गई। इस अवसर पर नो टू ड्रग पर जागरूकता कार्यक्रम भी हुआ। यहां यह कार्यक्रम डॉ. हरीश भुजंगा शेट्टी, गवर्निंग काउंसिल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस, सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय भारत सरकार की उपस्थिति में हुआ। श्री विट्ठल शेट्टी फाउंडेशन के सहयोगी पार्टनर राकेश अन्ना शेट्टी, कार्तिक किडर के सपोर्ट से वंचित बच्चों को शिक्षित करने में मदद कर रहे हैं। इस मौके पर वंचित और जरूरतमंद बच्चों को किट्स भी दिए गए, यह उपहार पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशियां खिल उठीं। नशे के खिलाफ यहां बच्चो के साथ सभी ने शपथ ली और ड्रग्स को न कहने का सन्देश लोगों

को दिया। ब्रूस ली की 83वीं जयंती पर इससे बढ़िया कार्यक्रम की कल्पना नहीं की जा सकती, जहां युवाओं को स्वस्थ रहने, फिट रहने, मार्शल आर्ट को सीखने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई और इस प्रोग्राम के द्वारा सही मायनों में ब्रूस ली को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसके लिए सभी ने चीता यज्ञेश शेट्टी के प्रयासों और उनकी पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की। कमांडो सीरीज से लोकप्रिय हुए एक्टर प्रेम परिजा ने कहा कि मार्शल आर्ट्स हमारी रोज की जिंदगी मे बहुत जरूरी और महत्वपूर्ण है। मार्शल आर्ट्स जानने वाला कभी किसी के साथ गलत नहीं कर सकता और वह अपनी सुरक्षा भी कर सकता है। हम तो फिल्मो में एक्शन करते हैं जो बहुत आसान है जबकि मार्शल आर्ट गुरु चीता यज्ञेश शेट्टी रियल हीरो हैं। वह मार्शल आर्ट में माहिर हैं और 200 से ज्यादा फिल्मी सितारों को मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग दे चुके हैं। उन्होंने साढ़े दस लाख महिलाओं को मार्शल आर्ट्स के गुर सिखाए हैं। वह बेहद सराहनीय कार्य कर रहे हैं। चीता यज्ञेश शेट्टी ने कहा कि जब वह 16-17 साल के थे तो एक लड़की के साथ बहुत बुरा हुआ था और यह जानकर उन्होंने उसी समय निर्णय लिया था कि वह लड़कियों और महिलाओ को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देंगे। अब तक साढ़े 10 लाख महिलाओँ को मैंने मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग दी है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। आपको बता दें कि बॉलीवुड के जाने-माने मार्शल आर्ट गुरु और दशक के सर्वश्रेष्ठ फिल्म एक्शन कोरियोग्राफर डॉ. चीता यज्ञेश शेट्टी को 'ग्लोबल मार्शल आर्ट यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन द्वारा मार्शल आर्ट प्योर साइंस में डॉक्टरेट ऑफ फिलैंथ्रोपी (पीएचडी)' की डिग्री से भी सम्मानित किया गया है। चीता यज्ञेश शेट्टी अब तक 200 से ज्यादा बॉलीवुड स्टार्स और करीब 10 लाख 50 हजार महिलाओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दे चुके हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

कार्तिक आर्यन करेंगे ओटीपी पर धमाल



कार्तिक आर्यन से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे सुनकर उनके फैंस खुशी से फूले नहीं समाने वाले हैं। बीतें काफी वक्त से कार्तिक अपनी अपकमिंग फिल्म फ्रेडी को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। वहीं अब कार्तिक अपनी अपकमिंग फिल्म से ओटीटी पर धमाका करने वाले हैं। जी हां, कार्तिक स्टारर फिल्म 'फ्रेडी' ओटीटी पर रिलीज होगी। जिसका आधिकारिक एलान हो चुका है। बता दें कि डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा कर फिल्म के ओटीट पर आने की जानकारी दी है। कार्तिक आर्यन और अलाया एफ स्टारर फ्रेडी ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। बालाजी फिल्म्स और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स द्वारा निर्मित और शशांक घोष द्वारा निर्देशित फ्रेडी की रिलीज डेट फिलहाल सामने नहीं आई है। मगर कहा जा रहा है कि ये फिल्म अगले साल रिलीज होगी। कार्तिक के फैंस इस न्यूज से काफी ज्यादा खुश हो गए है वहीं कार्तिक भी अपनी फिल्म को लेकर उतने ही एक्साइटेड हैं। अपनी फिल्म 'फ्रेडी' को लेकर कार्तिक का कहना है, 'मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। इस फिल्म की कहानी काफी अलग है। इस फिल्म ने मुझे अपनी कला के साथ प्रयोग करने का मौका दिया है। जल्द ही यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आएगी। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस नए अवतार को पसंद करेंगे।

शिल्पा शिंदे ने करण जौहर को सुनाई खरी खोटी

शिल्पा शिंदे अक्सर कॉन्ट्रोवर्सीज में घिरी रहती है। शिल्पा शिंदे ने 2 वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किये है। पहले वीडियो में शिल्पा कहती हैं कि 'ये वीडियो खास झलक दिखला जा के पैनल में बैठे जजों के लिए है। मैंने निया शर्मा का लास्ट परफॉर्मेंस देखा। उसके ऊपर जो कमेंट किए गए मैं चुप रही। इस बार परफॉर्मेंस के बाद जो कमेंट्स किए गए, तो मैं करण जौहर सर से पूछना चाहती हूं कि वो क्या धर्मा में फिल्म देने वाले हैं? आपको 3 मिनट में क्या पूरी फिल्म देखनी है? आप सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट लेते हो तो आपको क्या चाहिए? आप ऑस्कर देने वाले हैं? आप नेशनल अवॉर्ड देने वाले हैं। शिल्पा ने आगे कहा, मतलब 3 मिनट के एक्ट में एक आर्टिस्ट क्या करता है, आपको पता है? आप रुबीना का वीडियो निकाल कर देखिए, कोई भी एक्सीडेंट हो सकता था। कुछ भी हो सकता था। फिर बाद में कैंडल लेकर घूमने से कोई फायदा नहीं है। जब तक इंसान है उसकी कदर करो, बाद में मत भौंको। एंटरटेनमेंट का शो है, उसे एंटरटेनमेंट की तरह लो। वही शिल्पा ने अपने अगले वीडियो में कहा कि झलक दिखला जा शो के मै अगेंस्ट नहीं हूँ, मुझे अभी भी शो पसंद है, मै अभी शो फॉलो करती हूँ। करण जौहर सर को डांस बिल्कुल भी नहीं आता तो करण सर को टिप्पणी करनी है तो अपनी चीजों पर करें। मेरा मतलब कि उसका कॉस्ट्यूम देखें। डांस के हिसाब से कॉस्ट्यूम नहीं है तो उसके ऊपर रिएक्ट करें। उसका कॉस्ट्यूम देखें, आप मेकअप देखो, सेटअप देखो। माधुरी दीक्षित जी पूरा हक है डांस के ऊपर बोलने का। लेकिन जहां आप इमोशनल हो जाती हैं निया तो आप गड़बड़ कर देती हैं। आप आर्टिस्ट हो तो आप इस तरह की बात नहीं कर सकतीं। आप हिंदी चैनल के पैनल पर बैठी हो नोरा, तो आप थोड़ा हिंदी सीख कर आओ।

काम को लेकर जुनूनी हूं: रकुल प्रीत सिंह

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने 2022 में 'रनवे 34' से 'थैंक गॉड' तक कुल पांच अलग-अलग फिल्मों में अभिनय किया है और उनका कहना है कि उन्होंने अपनी भविष्य की परियोजनाओं के बारे में भी सोचना शुरू कर दिया है। रकुल का कहना है कि वह अपने करियर में सभी प्रकार के विषयों पर बनने वाली फिल्मों में काम करना चाहती हैं। रकुल ने इस वर्ष अटैक : पार्ट 1, कठ्पुतली और डॉक्टर जी जैसी फिल्मों में भी काम किया है। रकुल ने कहा, ऐसी कई भूमिकाएं हैं जिन्हें आप निभा सकते हैं। यह एक ऐसा पेशा है जहां आप अपने लिए एक मानक तय नहीं कर सकते हैं, इस पेशे की सीमा कभी नहीं खत्म होने वाली है। मैं बहुत आगे बढ़ना चाहती हूं। अभिनेत्री ने कहा, मैं काम को लेकर काफी जुनूनी हूं और इसे लेकर मुझमे भूख है। इस साल मेरी पांच फिल्में रिलीज हुई हैं और मैं सोच रही हूं कि मैं आगे क्या करने जा रही हूं। मैं हमेशा आगे क्या करना है? इसकी तलाश में रहती हूं। रकुल अगले साल छतरीवाली और इंडियन 2 जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। इसके अलावा वह अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर अभिनीत एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में भी नजर आएंगी, जिसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे। रकुल ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में उनकी पसंद हमेशा उनकी अंतर-आत्मा की भावना से प्रभावित होती है।